**एजुकेशन कॉर्नर:** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकोशल में काउंसलिंग शिविर में युवाओं को मिला परामर्श

# विषय चयन की समस्याओं का मिला समाधान, लॉ फील्ड से जुड़ने का दिखा रुझान

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

जबलपुर. पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकोशल में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत दो दिवसीय काउंसलिंग शिविर लगाया गया। शिविर में स्टूडेंट्स को 12वीं के बाद विषय चयन और कॅरियर मेकिंग की जानकारी दी गई। शिविर में प्रो. अरुण शुक्ला, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना ने कहा कि शिविर के पहले दिन छात्र एवं अभिभावकों ने विषय चयन से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। युवाओं को आर्ट्स और लॉ फील्ड में आगे बढ़ने का रुझान अधिक है।




*शिविर के लिए तैयार की गए विशेषज्ञों का समूह ने छात्र एवं अभिभावकों को किया गाइड।*

## यह मिली जानकारी

- विद्यार्थियों को कॉलेज में प्रवेश लेते समय सही विषय चयन करना
- कॅरियर निर्माण और सही दिशा
- विषय चयन के पहले यह देखें की उसमें रुझान ये या नहीं
- पैरेंट्स के बताए कोर्स नहीं खुद के पसंद डिग्री का चुनाव करें
- कॅरियर मेकिंग के लिए लक्ष्य का निर्धारण करें
- ई-प्रवेश प्रक्रिया को किस तरह करें पूरा

## एक्सपर्ट पैनल्स ने यह समझाया

- डॉ. उर्मिला शर्मा ने एडोलसेंट एजुकेशन समझाया।
- डॉ. मधु अवस्थी ने गोल अचीविंग की जानकारी दी।
- डॉ. श्रद्धा तिवारी ने मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग की।
- डॉ. सुमित पासी ने मानसिक समस्याओं का समाधान किया।
- डॉ. रजनी रघुवंशी ने कम्प्यूटर टेस्ट टेस्ट समझाया।
- डॉ. नीलिमा ने विषय चयन की जानकारी दी।

## सवालों के कुछ यूं मिले जवाब

**छात्र:** ह्यूमैनिटीज के बाद बीए करना है, क्या इसके साथ कुछ अन्य पढ़ाई भी की जा सकती है।

**काउंसलर:** यदि डिग्री के साथ कौशल कला से जुड़ना चाहते हैं तो बीए के साथ फैशन डिजाइनिंग, मेकअप आर्टिस्ट और टूरिज्म के कोर्स भी साथ किए जा सकते हैं।

**छात्र:** मैंने मैथ्स-साइंस लेकर पढ़ाई की है, लेकिन अब कॉमर्स करके सीए करना चाहता हूं। इसके लिए क्या करना होगा?

**काउंसलर:** 12वीं के बाद सब्जेक्ट बदलना थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन यदि ठान लिया है को बीकॉम टेक्सेशन के साथ कर सकते हैं। इससे ऑडिटिंग की पढ़ाई में मदद मिलती है। बीकॉम के साथ सीए कोचिंग भी जारी रख सकते हैं।